''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''


# समाचार गेट

HARHIN11569

वर्ष 02, | अंक 76 | पृष्ठ 08 | मूल्य 01 रूपए | मंगलवार, 18 मार्च 2025 | samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**


सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।












# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर वित्त मंत्री पेश किया वित्त वर्ष 2025-26 का राज्य बजट

### 2 लाख 5 करोड़ रुपये से अधिक का बजट किया पेश, पिछले वर्ष के 1,80,313.57 करोड़ रुपये के मुकाबले 13.7 प्रतिशत अधिक

### बजट में कोई नया कर नहीं लगाया

### पिछले 10 वर्षों में राज्य की जीडीपी औसतन 10.8 प्रतिशत व प्रति व्यक्ति आय औसतन 9.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी



**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बतौर वित्त मंत्री आज वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2,05,017.29 करोड़ रुपये का बजट पेश किया, जो गत वर्ष के 1,80,313.57 करोड़ रुपए से 13.7 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष के बजट में भी नागरिकों को राहत प्रदान करते हुए कोई नया कर नहीं लगाया गया है। यह बजट हरियाणा के हर वर्ग के लोगों की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014-15 में हरियाणा का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 4,37,145 करोड़ रुपये था, जबकि वर्ष 2024-25 में हरियाणा की अनुमानित जीडीपी 12,13,951 करोड़ रुपये है। इसी प्रकार, वर्ष 2014-15 में हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय 1,47,382 रुपये थी, जबकि वर्ष 2024-25 में अनुमानित प्रति व्यक्ति आय 3,53,182 रुपये है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में राज्य की जीडीपी औसतन 10.8 प्रतिशत और प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय औसतन 9.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

**राजस्व घाटे में पिछले 10 वर्षों में आई कमी**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2014-15 में हरियाणा के बजट में राजस्व घाटा तत्कालीन जीडीपी का 1.90 प्रतिशत था। वर्ष 2024-25 में राजस्व घाटा जीडीपी का 1.47 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसी प्रकार यदि राजस्व घाटे को कुल बजट के प्रतिशत के रूप में देखें तो यह 2014-15 के 13.4 प्रतिशत से कम होकर 2024-25 में 9.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। राजस्व घाटे में पिछले 10 वर्षों में काफी कमी आई है।

**वर्ष 2025-26 बजट अनुमान में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 2.67 प्रतिशत तक रखने का लक्ष्य**

वित्त मंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2014-15 में हरियाणा के बजट में राजकोषीय घाटा तत्कालीन जीडीपी का 2.88 प्रतिशत था। वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 2.68 प्रतिशत रहने का अनुमान है। राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबन्धन अधिनियम (एफआरबीएम) एक्ट के अनुसार किसी भी वर्ष किसी भी राज्य सरकार का राजकोषीय घाटा उस राज्य की उस वर्ष की जीडीपी के 3 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। अत: इसमें 2014-15 के 2.88 प्रतिशत के मुकाबले अब 2.68 प्रतिशत तक की गिरावट हमारे कुशल वित्तीय प्रबंधन का परिचायक है। वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान में इसे और कम करते हुए जीडीपी के 2.67 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में पूंजीगत परिसंपततियों के सृजन पर बहुत बल दिया है। उन्होंने तुलनात्मक आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्ष 2014-15 में प्रभावी राजस्व घाटा जीडीपी का 1.89 प्रतिशत था, जो वर्ष 2024-25 में कम होकर केवल 1.01 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

**बकाया ऋण निर्धारित सीमा के अंदर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी वर्ष किसी भी राज्य का बकाया ऋण उस राज्य की जीडीपी के प्रतिशत की एक निर्धारित सीमा से अधिक नहीं होना चाहिए। वर्ष 2014-15 में हरियाणा सरकार के बकाया ऋण की जीडीपी की प्रतिशतता उस समय के वित्त आयोग द्वारा निर्धारित सीमा से 6.67 प्रतिशत बिंदु कम थी। वर्ष 2024-25 में भी सरकार के बकाया ऋण की जीडीपी की प्रतिशतता वित्त आयोग द्वारा निर्धारित सीमा से 6.67 प्रतिशत बिंदु ही कम रहेगी। स्पष्टत: आज के बकाया ऋण की प्रतिशतता निर्धारित सीमा से उतने ही प्रतिशत कम है जितनी यह वर्ष 2014-15 में था।

**पिछले 10 वर्षों में सरकारी उपक्रमों द्वारा लिए गए ऋण में नहीं हुई बढ़ोत्तरी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के उपक्रमों द्वारा लिए गए ऋण, जिन्हें सरकार के ऋण के आंकड़ों में शामिल नहीं किया जाता, में इन 10 वर्षों में एक भी रुपये की बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के कुल 43 उपक्रम हैं। इनमें से 24 उपक्रम कम्पनी एक्ट में व 19 उपक्रम कॉपरेटिव सोसाईटीज एक्ट में पंजीकृत हैं। इन 43 उपक्रमों का वर्ष 2014-15 में कुल बकाया ऋण 69,922 करोड़ रुपये था जो वर्ष 2023-24 में घटकर 68,295 करोड़ रुपये रह गया है। गौरतलब है कि वर्ष 2008-09 में इन सरकारी उपक्रमों का बकाया ऋण 30,233 करोड़ रुपये था।

**सरकारी उपक्रमों का बकाया ऋण 1627 करोड़ रुपये कम हुआ**

नायब सिंह सैनी ने बताया कि जहाँ एक ओर 2008-09 से लेकर 2014-15 के बीच 6 वर्षों में सरकारी उपक्रमों का बकाया ऋण 30,233 करोड़ रुपये से बढ़कर 69,922 करोड़ रुपये हो गया था, वहीं 2014-15 से लेकर 2023-24 के बीच की 9 वर्षों की अवधि में सरकारी उपक्रमों का बकाया ऋण बढ़ने की बजाए 1627 करोड़ रुपये कम हुआ है। हमारी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में सरकारी उपक्रमों के ऋणों पर जबरदस्त नकेल कसी है। उन्होंने कहा कि उदय स्कीम के अंतर्गत बिजली निगमों के 25,950 करोड़ रुपये के ऋण वर्ष 2015-16 व 2016-17 में हरियाणा सरकार द्वारा अपने खाते में ले लिए गए। एचएसआईआईडीसी और एचएसवीपी की कार्य प्रणाली में आमूल-चूल परिवर्तन किए गए। वर्ष 2023-24 के वास्तविक अनुमानों के हिसाब से 43 उपक्रमों में से 28 उपक्रम लाभ में हैं, जिन्होंने 1746 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। वर्ष 2014-15 में केवल 20 ही उपक्रम लाभ में थे, जिनका लाभ मात्र 450 करोड़ रुपये था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रत्येक हरियाणवी परिवार को खुशहाल बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

## नायब सरकार ने बजट में रखा सभी का ख्याल : बिजेन्द्र नेहरा



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

फरीदाबाद। हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने 'हरियाणा-एक, हरियाणवी-एक' के नारे को चरितार्थ करते हुए बजट में सभी क्षेत्रों व सभी वर्ग के लोगों का विशेष ख्याल रखा गया है और उन्हें आशा है कि भविष्य में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश विकास की नई बुलंदियों को छूएगा।

बिजेन्द्र नेहरा ने इसे जनहितैषी करार दिया है। उन्होंने कहा कि बजट में बिल्डरों, उद्योगपतियों, दुकानदारों, छोटे व्यापारियों के लिए भी काफी कुछ दिया गया है और कुल मिलाकर इस बजट को प्रदेश की जनता का मन मोहने वाला बजट कहा जाए तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी और इस बजट से हरियाणा और प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा।

## किसानों हितैषी है बजट : सूरजपाल भूरा



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** उन्होंने कहा कि इस बजट में नायब सैनी सरकार ने किसानों को राहत देते हुए एक लाख रुपए तक के कर्ज पर कोई ब्याज नहीं लगाते हुए किसानों के हित में फैसला लिया है। वहीं हरियाणा में सरकार महिलाओं के लिए लाडो लक्ष्मी योजना शुरू करने जा रही है, जिसके तहत प्रतिमाह महिलाओं को 2100 रुपए की आर्थिक सहायता राशि मुहैया करवाई जाएगी, इसके लिए वित्त वर्ष 2025-26 में पांच हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

## शुभकामनाएं



भारतीय जनता पार्टी द्वारा फरीदाबाद जिला से पंकज रामपाल जी और बल्लभगढ़ जिला से सोहनपाल सिंह जी को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी जिला कार्यालय पर मिलकर अपने दोनों साथियों को बधाई और शुभकामनाएँ देते भाजपा प्रदेश सहचुनाव अधिकारी एवं प्रदेश प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा। चित्र: समाचार गेट

## बजट प्रदेश के लिए किसी भी तरह की राहत वाला नहीं : लुकमान रमीज



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष माइनॉरिटी डिपार्टमेंट हरियाणा प्रदेश एवं कोऑर्डिनेटर हरियाणा प्रदेश जिला मेवात प्रभारी ओबीसी सेल लुकमान रमीज का कहना है कि भाजपा सरकार द्वारा पेश बजट कोरी भाषणबाजी और भ्रामक आंकड़ेबाजी का मिश्रण है। बजट को हर बार बढ़ा चढ़ाकर दिखाया जाता है। बाद में उसे संशोधित कर कम कर दिया जाता है। ऐसा लगता है मानो सरकार 'आगे दौड़, पीछे छोड़' की नीति पर चल रही है। भाजपा सरकार ने रिकॉर्ड बेरोजगारी के इस दौर में भी आर्थिक प्रगति व ढांचागत बजट में तीन प्रतिशत की कटौती कर दी। यही नहीं पिछले साल के मुकाबले शिक्षा का बजट को भी कम कर दिया है। प्रदेश पर कर्ज की मात्रा बढ़कर करीब ढाई लाख करोड़ हो चुकी है। इसलिए पिछले साल के मुकाबले इस बार के बजट में कर्ज भुगतान का खर्च बढ़ गया है। इस तरह के बजट और सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते ही प्रदेश में काम धंधे ठप और रोजगार खत्म हैं।

# बल्लभगढ़ समाज व पार्षद दीपक यादव द्वारा किया प्रसाद वितरण




समाचार गेट /सुमित गोयल

बल्लभगढ़। बल्लभगढ़ समाज युवा संगठन के द्वारा पिछले 15 महीने से प्रत्येक रविवार को बल्लबगढ़ समाज रसोई के नाम से अनाज मंडी बल्लबगढ़ में सुबह 9:00 बजे से मात्र 5 में भरपेट छोले चावल वितरित किए जाते हैं,संगठन के कार्यकर्ता पीयूष गोयल जी ने बताया की हम लोगों से इस भोजन प्रसाद के पांच रुपए भी इसलिए लेते हैं जिससे कि उन्हें भी शर्मिंदगी महसूस ना हो कि हम किसी से मांग कर खा रहे हैं वह वितरित करने वाले को भी घमंड ना हो कि हम किसी को फ्री में खिला रहे हैं इसलिए इस प्रसाद का शुल्क मात्र 5 रखा गया है कई बार किसी के जन्मदिन या सालगिरह पर मिठाई सेवा देने पर लोगों को अलग से मिठाई भी वितरित की जाती है और हर रविवार लोगों को बदल बदल कर चावल के साथ सबजियां वितरित की जाती है बल्लभगढ़ समाज रसोई को चलाने वाले संजीव वर्मा ,दीपांशु स्याल,चेतन मित्तल ,गौरव मित्तल ,यशु जैन ,संजीव शर्मा व अन्य सभी कार्यकर्ता नौकरी करने वाले हैं और वे यह प्रसाद स्वयं सुबह अपने हाथों से तैयार करके वितरित करते हैं,इस रविवार को वार्ड नंबर 42 से जीते पार्षद दीपक यादव ने भी छोले चावल के साथ बर्फी वितरित करने में अपने सहयोग प्रदान किया।

## एक्शन में आए नवनिर्वाचित पार्षद दीपक यादव व पवन यादव, विकास कार्यों की विस्तृत रूप से ली जानकारी



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

बल्लभगढ़। शहर सहित सेक्टर-3 की मूलभूत समस्याओं को लेकर सोमवार को नवनिर्वाचित पार्षद दीपक यादव व पवन यादव निगम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने निगम अधिकारियों से शहर व सेक्टर-3 तथा सेक्टर-2 सहित आसपास की कॉलोनियों की सफाई व्यवस्था, पीने के साफ पानी व बेसहारा पशुओं से निजात पाने को लेकर काफी समय तक चर्चा की। इस दौरान शहर में चलने वाले विकास कार्यों को लेकर भी विस्तृत रूप से जानकारी हासिल की। फरीदाबाद नगर निगम कार्यालय बल्लभगढ़ में नवनिर्वाचित पार्षद दीपक यादव, पवन यादव सहित कई अन्य लोग करीब 12 बजे पहुंच गए। इस दौरान कार्यकारी अभियंता ओ.पी.कदर्म, एसडीओ अमित चौधरी, जेई विपिन व सफाई निरीक्षक बृजमोहन शर्मा मौजूद रहे। इस दौरान पार्षद दीपक यादव ने सबसे पहले शहर के मुख्य बाजार, मौहल्लों सेक्टर-2 तथा आसपास की कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था किस प्रकार से दुरूस्त हो, इसे लेकर निगम अधिकारियों से चर्चा की। पार्षद ने कहा कि वह शहर के प्रमुख बाजार की सफाई व्यवस्था को लेकर बेहद चिंतित है। इसलिए व्यवस्था को सुधारने के लिए निगम अधिकारी अथक प्रयास करें। इस दौरान पार्षद ने आने वाली गर्मी में शहरवासियों को पीने के पानी कि किल्लत नहीं झेलनी पड़े, इसके लिए निगम अधिकारियों से कहा कि वह समय रहते ही इस मामले में संज्ञान लें। इसके अलावा शहर में बेसहारा पशुओं से शहरवासियों को मुक्ति दिलाई जाने की भी मांग रखी गई। पार्षद पवन यादव ने भी निगम अधिकारियों से स्पष्ट रूप में कि वार्ड के लोगों की समस्याओं का समाधान समय रहते होना चाहिए। चाहे वह सफाई की हो या फिर पीने के पानी की। पार्षद पवन यादव ने अधिकारियों से कहा कि सेक्टर-3 की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके अलावा सेक्टर-3 में बेसहारा कुत्ते और पशुओं की भरमार हैँ। जिनसे मुक्ति के लिए निगम प्रशासन सख्त कदम उठाए। इस दौरान निगम अधिकारियों ने पार्षदों को भरोसा दिलाया कि शहर के मुख्य बाजार सहित आसपास की कॉलोनी व सेक्टरों में सफाई व्यवस्था की किसी प्रकार से कमी नहीं रहने दी जाएगी। इसके अलावा वह समस्याओं को समय से पहले दूर करने का प्रयास करेंगे।

# स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर महापौर की अपील आमजन करें सफाई में सहयोग

### नवनिर्वाचित पार्षदों से भी अपील घर घर जाकर शहरवासियो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए चलायें अभियान



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद की नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती प्रवीण बत्तरा जोशी ने फरीदाबाद के लोगों का आहवान किया है कि जल्द ही शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के तहत टीमें आएंगी और शहर की साफ सफाई का सवेक्षण करेगीं।

महापौर श्रीमती जोशी ने शहरवासियों से अपील की है कि इसमें नगर निगम का सहयोग करें और अपने आसपास साफ सफाई ध्यान रखें। उन्होने निगम के सभी नवनिर्वाचित पार्षदों से भी आह्वान किया की देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता को एक मिशन के रुप में लिया हुआ है, और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी पूरे प्रदेश में इस मिशन को सफल बनाने में लगे हैं तो हम सभी को भी स्वच्छता को लेकर जनजागरुक अभियान पर जोर देना होगा ताकि हर किसी को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जा सके।

नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती प्रवीण बत्तरा जोशी ने कहा कि नगर निगम प्रशासन दिन रात एक कर शहर को साफ सुथरा करने में लगा हुआ है, हम सभी को उनका सहयोग करना चाहिए उन्होंने कहा की प्रत्येक व्यक्ति यह सुनिश्चित कर ले क वह स्वयं गंदगी नहीं फैलाने देगें तो अपने आस पास सफाई कि ध्यान रखेंगे तो देश के प्रधानमंत्री का यह स्वच्छता मिशन अपने आप सफल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यह प्रण लेना होगा की वह देश को साफ सुधरा बनाने में अपना सहयोग देगा, और अपने आस पास सफाई रखेगा। हमारा शहर और प्रदेश के साथ साथ देश स्वच्छ और स्वस्थ रहेगा ।

उन्होंने कहा की निगम ने जगह-जगह कचरा संग्रह केंद्र बनाए हैं, केवल कचरा वहीं पर डाले, गीला व सूखा कचरा को अलग-अलग करके डाले तथा नाली व सीवर में पॉलीथीन न डालें इससे सीवर व नाली जाम होती है जो की सडकों पर गंदगी का कारण बनती है। उन्होंने पार्षदों से भी आग्रह करते कहा की जिस प्रकार से प्रत्येक पार्षद वोटो के लिए घर-घर गए, उसी प्रकार से इस स्वच्छता अभियान को लेकर घर-घर जाएं और शहर को साफ सुधरा रखने में निगम का सहयोग करें, तभी हम जनता से किए अपने वायदों को पूरा कर पाएंगें।

इस दौरान उन्होंने सभी फरीदाबाद वासियों यों से अपील करते कहा कि इस बार हमे अपने फरीदाबाद को स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग प्राप्त करने में सहयोग करना होगा ताकि हमारा फरीदाबाद का स्वच्छता सर्वेक्षण में नाम उच्चतम शिखर पर आ सके।

# नशे के विरुद्ध अभियान में बकेट चैलेंज से जोड़ रहा है एनसीबी हरियाणा



**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**मधुबन/करनाल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे, के दिशानिर्देशों से आज हरियाणा में बकेट चैलेंज के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन जन तक पहुँच रहा है। युवा, खिलाड़ी, समाज के प्रतिष्ठित लोग और सामान्य जन इस आंदोलन में सहभागिता कर अपने को गौरवानवित अनुभव कर रहे है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा गाँव गाँव और शहर शहर में नशे के विरुद्ध एक बड़ा आंदोलन छेड़ा गया है। इस कड़ी में आज हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा बकेट चैलेंज के साथ डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन को जोड़ा गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्य्रकम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने विद्यालय के प्राचार्य मंतोषपाल सिंह से सम्पर्क साधा और उन्हें बकेट चैलेंज से जोड़ा गया। प्राचार्य मंतोषपाल सिंह ने इस अभियान से जुड़ते हुए विद्यालय के अन्य शिक्षकों को जोड़ते हुए कहा कि वे इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने में ब्यूरो का सहयोग करेंगे और साथ ही विद्यालय को पूर्ण रूप से नशा मुक्त बनायेगे। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षकों ने इसमें भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि आज न केवल युग अपितु बच्चा भी नशे की और आकर्षित होकर अपने भविष्य को अन्धकार की और ले जा रहा है, यह चिंता का विषय हे।

## संपादकीय

# कांग्रेस बताए सरकारी ठेकों में 4 प्रतिशत कोटा क्यों?

कांग्रेस शासित कर्नाटक की सरकार ने अल्पसंख्यक ठेकेदारों को सरकारी खरीद के ठेकों में 4 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया है, उससे मुस्लिम सबसे ज्यादा लाभान्वित होंगे। हालांकि, राज्य सरकार का यह निर्णय वैधानिक दृष्टि से न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता है। ऐसा इसलिए कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश तो है, लेकिन यह हिंदुओं के हिस्से वाला हिंदुस्तान भी है। जबकि हमारे राजनेता और उनके चमचे बुद्धिजीवी वोट बैंक की लालच में इस कड़वी सच्चाई को नजरअंदाज करते हैं, जिससे देश में अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की सियासत को मजबूती मिलती है। चूंकि इसका सर्वाधिक लाभ मुस्लिम ठेकेदारों को मिलेगा, इसलिए कांग्रेस के इस फैसले की प्रवृति और प्रकृति पर कतिपय सवाल उठना लाजिमी है।




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

पहला, अल्पसंख्यक वर्ग में यह आरक्षण मुस्लिमों, ईसाइयों, सिखों, जैनों, बौद्धों आदि को 4 फीसदी में से कितना-कितना प्रतिशत मिलेगा या फिर पिछले दरवाजे से सिर्फ मुस्लिमों को ही वरीयता दी जाएगी? दूसरा, जब दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को सरकारी ठेकों में आरक्षण मिलेगा तो फिर ईडब्ल्यूएस से जुड़े गरीब सवर्णों को क्यों नहीं मिलेगा? तीसरा, महिलाओं और युवाओं को क्यों नहीं?किसानों-मजदूरों-कारीगरों को क्यों नहीं? सिर्फ सरकारी ठेकों में ही क्यों, प्राइवेट ठेकों और ग्लोबल ठेकों में क्यों नहीं? चतुर्थ, सिर्फ कर्नाटक में ही क्यों, हिमाचल प्रदेश आदि कांग्रेस या इंडिया गठबंधन शासित राज्यों में क्यों नहीं?

खैर, सवालों की फेहरिस्त बड़ी लंबी हो सकती है और जवाब सिर्फ यही कि कांग्रेस की कमान बैकडोर से वैसे लोगों के हाथों में जा चुकी है जो इस पार्टी को जनमानस में अलोकप्रिय बनाने पर आमादा हैं। पहले समाजवादियों और फिर राष्ट्रवादियों की राजनीतिक सफलता का राज भी यही है। इतिहास गवाह है कि अपनी घोर तुष्टिकरण की सियासत के चलते भारत और अधिकांश राज्यों की सत्ता से बाहर है। 2014 और 2019 के आम चुनावों में उसकी हैसियत विपक्ष का नेता बनने लायक भी नहीं रही थी। 2024 में उसे जो अप्रत्याशित उछाल मिला, उसके उत्साह में वो फिर अतिरेक भरे फैसले कर रही है, जिससे साफ है कि कांग्रेस अब सत्ता प्राप्ति और राष्ट्र निर्माण नहीं बल्कि पार्टी ध्वंस और देश-समाज विध्वंस को गति देने की राजनीति पर आमादा है। उसकी गलत नीतियों का ही तकाजा है कि पहले भारत टूटा, फिर पाकिस्तान टूटा और कांग्रेस भी कई बार टूटी।

## जनहित सेवा संस्था के प्रधान सन्तसिहं हुड्डा की 85 वर्षीय ताईजी का निधन

**समाचार गेट/अंतराम**



**फरीदाबाद।** सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के प्रधान संतसिहं हुड्डा की 85 वर्षीय ताई जी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दयालपुर गांव के स्वर्ग आश्रम ( शवदाह गृह) में किया गया। वह अच्छे व्यवहारिक, मिलनसार एवं मृदभाषी की धनी थी। उनके अंतिम संस्कार में अनेक सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, मुख्य अध्यापक, अध्यापकगण, विभिन्न पार्टियों के नेतागण, व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, आसपास गांवों के सरपंच, समाजसेवी एवं गांव के गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से मौजूद थे।

# आमजन के लिए राहत की उम्मीद लेकर आया हरियाणा का बजट : सीताराम यादव

**शिक्षा-चिकित्सा, किसान, महिला, युवा, बुजुर्ग सहित मिडल क्लास पर रहा विशेष फोकस**





**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से सोमवार को हरियाणा विधानसभा में पेश किए गए बजट को भाजपा के पूर्व विधायक सीताराम यादव ने आमजन की राहत भरा बताया है। यह बजट किसानों, महिलाओं, युवाओं तथा शिक्षा को समर्पित रहने वाला है। किसानों को नकली बीज व कीटनाशक के चंगुल से बचाने के लिए चालू विस सत्र में बिल लाने तथा सहकारी समिति के रूप में पंजीकृत एफपीओ को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए नई बागवानी नीति लाने एवं महिला किसान डेयरी, कृषि, बागवानी, पशुपालन एवं मतस्य पालन के लिए ब्याज मुक्त एक लाख रूपए का ऋण प्रदान करने की योजना तैयार की गई है। इस बजट में 25,000 एकड़ भूमि में प्राकृतिक खेती के लक्ष्य को बढाकर इस वर्ष एक लाख एकड़ भूमि का रखा गया है, देसी गाय खरीदने के लिए दिए जाने वाले 25,000 रूपये के अनुदान को बढाकर 30,000 रूप्पये करने की योजना है वहीं दो एकड़ की बजाय एक एकड़ तक के किसान को इस योजना में शामिल कर लाभ दिया जायेगा। किसानों की सुविधा के लिए प्रदेश के सभी जिलों में बीज परीक्षण लैब स्थापित की जाएंगी। बागवानी मिशन प्रदेश के सभी 22 जिलों में लागू करने तथा प्रदेश के सभी 22 जिलों में 400 बागवानी कलस्टरस के माध्यम से तथा जापान सरकार की सहायता से अगले 9 वर्षों में 2738 करोड़ रूपये की लागत से नया सत्तत बागवानी प्रोजेक्ट शुरू करने की योजना को अमली जामा पहनाया जाएगा। गौशालाओं की क्षमता बढाने के लिए पंजीकृत गौशालाओं में 51 शैड बनाने के लिए 5 करोड़ रूपये की राशि अनुदान के रूप में दिये जाने के प्रस्ताव किया गया है।

शिक्षा के लिए चालू होने वाले शिक्षा सत्र में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों की तर्ज पर प्रत्येक जिले में एक राजकीय महाविद्यालय को मॉडल संस्कृति महाविद्यालय के रूप में विकसित किया जायगा। महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए 20 करोड़ रूपये का अनुसंधान बजट निर्धारित किया गया है। कल्पना चावला छात्रवृति योजना के अंतर्गत विज्ञान और इंजीनियरिंग में स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाली छात्राओं को एक लाख रूपये वार्षिक तक की छात्रवृति दी जाएंगी। जिससे छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में आसानी होगी।

इस बारे में ग्रामीण मीरूसिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा कौशल सम्मान योजना के तहत राज्य के स्नातक और स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के दो हजार विद्यार्थियों को दस हजार रुपये का मासिक मानदेय प्रदान कर इंटर्नशिप कराने की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके अलावा हरियाणा के सभी राजकीय शैक्षणिक संस्थानों के पुस्तकालयों, प्रयोगशालाओं और कार्यशालाओं को आमजन के लिए भी खोला जाना बडी बात है। यह बजट भाषण में किसान, महिला, युवा, बुजुर्ग, मिडल क्लास पर विशेष फोकस किया है। जो प्रदेश के विकास में गति वाला साबित होगा। मेडिकल की सीटें बाने तथा अस्पतालों में उपकरण एवं चिकित्सकों के पद भरने की कवायद की जायगी।

# मेवातियों ने देश और धर्म में से हमेशा देश को ऊपर रखा

**अमर शहीद हसन खान मेवाती के शहीदी दिवस पर खैराज ए अकीदत पेश की**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** अमर शहीद हसन खां मेवाती के शहीदी दिवस पर पीएम श्री स्कूल पाटखोरी में एक श्रद्धांजलि सभा और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सभा में मेवात के हजारों शहीदों को खैराज ए अकीदत पेश की गई और शहीदों की कुर्बानियों का गाथाओं को साझा किया गया।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य परवीन सैनी ने कहा कि मेवात के लोग वतन परस्त हैं। इसका सुबूत मेवातियों ने मुगलों से लेकर अंग्रेजों से संघर्ष में अपनी जानें गंवाई लेकिन कभी अधीनता स्वीकार नहीं की।

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रवक्ता नाजिम आजाद ने कहा कि मेवात की धरती के पानी में ही वतन परस्ती जीवित है। राजा हसन खान मेवाती को बाबर ने अपने धर्म का वास्ता दिया और उसके भाई को भी रिहा करने का प्रलोभन दिया लेकिन राजा हसन खां मेवाती ने जवाबी पत्र लिखकर कहा कि ये ठीक है कि आप मुसलमान हो और मैं भी मुसलमान हूं लेकिन आप भूल गए कि मैं पहले भारतीय हूं, मुझे वतन से प्यार करना और वतन पर जान निसार करना मेरे मजहब ने ही सिखाया है।

राजा हसन खां मेवाती ने धर्म और देश प्रेम में से देश प्रेम को तरजीह दी और राणा सांगा के साथ खानवा के मैदान में लड़ते हुए अपने 12 हजार घुड़सवारों के साथ वीरगति को प्राप्त हुए। इस तरह से मेवातियों का इतिहास कुर्बानियों और देश प्रेम की गाथाओं से भरा हुआ है।

प्रवक्ता पवन यादव ने विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि मेवात अध्ययन केंद्र मेवात के शहीदों और दूसरी देश प्रेम की गाथाओं को संकलित करने का कार्य कर रहा है। मेवात के लोग मेवात के ही शहीदों को भूलते जा रहे हैं ,मेवात अध्ययन केंद्र की कोशिश है कि ऐसे शहीदों की गाथाओं को संकलित कर मेवात के लोगों के बीच लाया जाए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य परवीन सैनी, प्रवक्ता नाजिम आजाद, पदम सिंह, हरिओम गोयल, अनीता देवी, जितेन्द्र जैन, शेर मोहम्मद, सलामुद्दीन, रेहाना खान विकास, राशिद सहित सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद रहे।

# गुढा गांव की बेटी सारिका ने बेंगलुरू में आयोजित मैराथन में जीता कांस्य पदक

**अक्टूबर 2025 में इंडोनेशिया में आयोजित होने वाली चैंपियनशिप में करेगी भारत का प्रतिनिधित्व**

**परिजनों व ग्रामीणों ने जताई खुशी**




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** मैराथन में हिस्सा लेने वाली गुढा गांव की बेटी सारिका ने हाल ही में बेंगलुरू में आयोजित 45वीं मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त कर आगामी अक्टूबर-2025 में इंडोनेशिया में आयोजित होने वाली चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। जिसे लेकर परिजनों तथा ग्रामीणों ने खुशी जताई है। कनीना विकास खंड के गांव गुढा निवासी सारिका दिल्ली पुलिस में बतौर एचसी कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि वह 2006 में दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल पद पर भर्ती हुई थी। ड्यूटी से घर लौटने पर पार्क में सैर पर जाने लगी। वहां उन्होंने उन्य महिलाओं की प्रेरणा से दौड लगाना शुरू कर दिया।

उसके बाद जब मैराथन का आयोजन हुआ तो उन्होंने उसमें अपना प्रतिनिधित्व किया। जिसमें उन्हें श्रेष्ठ स्थान मिला। इसके बाद पार्क की सैर दौड में बदलने लगी ओर सारिका ने पीछे मुडकर नहीं देखा। सारिका ने पिछले करीब डेढ वर्ष में 8 हाफ मैराथन 21 किलोमीटर, 14 मैराथन 10 किलोमीटर, 6 मैराथन 5 किमी की पूरी कर चुकी है। स्वास्थ्य को फिट रखने के लिए वह प्रतिदिन 8-10 किलोमीटर तक दौड लगाती है। पिछले दिनों में दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित 10 व 5 किमी दौड में उन्होंने गोल्ड मैडल प्राप्त किया था। उसके बाद उन्होंने कांतिरावा खेल स्टेडियम बैंगलौर में आयोजित 45वीं नैशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में 5 हजार मीटर दौड में कांस्य पदक हासिल किया है। ये पांच दिवसीय प्रतियोगिता 9 मार्च तक आयोजित की गई थी। जिसमें देश के सभी राज्यों से प्रतिभागी शामिल हुए थे। इस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने के बाद सारिका का चयन एशियन ओर विश्व मास्टर्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

**पति का मिला सहयोग**

सारिका ने बताया कि वर्ष 2003 में उनकी शादी सिसोठ, महेंद्रगढ वासी अनिल यादव के साथ हुई थी जो उस समय भारतीय सेना के सिपाही थे। उनकी बेटी हिमांशु यादव मैडीकल की पढाई कर रही वहीं बेटा दीपांशु यादव कॉलेज में शिक्षा ग्रहण कर रहा है। उन्होंने बताया कि मैराथन में हिस्सा लेने के प्रति उनके अनिल यादव का सहयोग रहा है। सारिका की उपलबधि पर परिजनों तथा गामीणों ने खुशी व्यक्त की है।

# खेत में काम कर रहे किसान के पुत्र की करेंट की चपेट में दर्दनाक मौत



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना के समीपवर्ती गांव बव्वा में एक किसान का 20 वर्षीय नोजवान बेटा खेत में गेहूं की सिंचाई करते समय एचटी लाईन करेंट की चपेट में आ गया जिसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस बारे में किसान चंद्रभान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पुत्र सचिन, 20 वर्ष सोमवार दोपहर के समय खेत में सिंचाई के लिए एल्यूमीनियम फवारा पाईप एक स्थान से दूसरे स्थान पर लगाने के लिए बदली कर रहा था, तब उपर से गुजर रही बिजली की एचटी लाईन से छू गया। बिजली का धाराप्रवाह होने के कारण वह करेंट की चपेट में आ गया। जिससे वह बुरी तरह से जुलस गया। पडौस में काम कर रहे व्यक्ति मनीष ने उसे देखा तो वह उसे तत्परता से उप नागरिक अस्पताल कनीना लेकर आया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कनीना अस्पताल से शव का पंचनामा करवा कर परिजनों को सौंप दिया। जहां गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**समाचार गेट परिवार की ओर से रत्नेश पुत्र दलीप सिंह गुढ़ा (महेंद्रगढ़) को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**



# ध्यानार्थः

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।

## रामबास में अज्ञात चोरों ने बाईक उडाई

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना विकास खंड के गांव रामबास से अज्ञात चोर बाईक चोरी कर ले गए। इस बारे में राजेश कुमार ने कनीना सदर थाने में दी शिकायत में बताया कि 14 मार्च को रामबास से उसकी बाईक को अज्ञात चोर ले उडे। जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने बाईक चोर के विरूध केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## बवानिया में ईंट भट्ठे पर कार्य करने वाले मजदूरों द्वारा मारपीट करने से प्रवासी महिला की मौत

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** बवानिया में ईंट भट्ठे पर काम करने वाले प्रवासी मजदूरों में हुए आपसी झगडे में घायल हुई एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। इस बारे में सचिन कुमार निवासी रायपुर, दलपतपुर थाना अतरोली, जिला अलीगढ, यूपी ने कनीना सदर थाने में दी शिकायत में कहा कि वह पिछले 4 माह से अपने पिता महासिंह, माता सुनहरा देवी, आकाश, सुशील निरंजन, चरन सिंह व सुखबीर सिंह के साथ बवानिया में ईंट-भट्ठे पर मजदूरी का कार्य कर रहा है। बीती 12 मार्च की रात्री के समय मुन्ना व राजेश वासी नरोरा पावर प्लांट सहित इनके तीन रिश्तेदारों ने उनके साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने उनकी माता सुनहरा देवी को ईटों से चैट मारी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को उप नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे पीजीआईएमएस रोहतक के लिए रैफर कर दिया। रोहतक में उपचार के दौरान उनकी माता ने दम तोड दिया। पुलिस ने महिला ने शव का पंचनामा करवा कर परिजनों को सौंप दिया। सचिन की शिकायत पर पुलिस ने क्राईम एक्सपर्ट के साथ घटना स्थल का मौका मुआयना कर हत्या के आरोपियों मुन्ना, राजेश व तीन अन्य के विरूध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## आज होगी सीबीएसई दसवीं कक्षा की आईटी परीक्षा

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** बीती 15 फरवरी से शुरू हुई केंद्रीय विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10 व 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं शांतिपूर्वक तरीके से जारी हैं। मंगलवार 18 मार्च को दसवीं कक्षा के आईटी, इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी विषय की परीक्षा होगी। जिसके शांतिपूर्वक संचालन के लिए बोर्ड तथा प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं। कनीना सब डिवीजन में तीन परीक्षा केंद्र एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला, यूरो स्कूल उन्हाणी तथा इंडस वैली स्कूल दोंगडा अहीर में बनाए गए हैं। जहां नकल रहित परीक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं वहीं पुलिस कर्मचारी भी तैनात किए गए हैं। बोर्ड के पर्यवेक्षक भी केद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं।


## निजी स्कूल में कुक का कार्य करने वाले नेपाली व्यक्ति की संदिग्ध मौत

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना के निजी स्कूल के मैस में कुक का कार्य करने वाले नेपाल के व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव सोमवार सुबह सिहोर रोड पर स्कूल के सामने खेतों से बरामद हुआ जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया। शव को कनीना के उपनागरिक अस्पताल में रखवाया गया है, परिजनों को सूचना दी गई है जिनके मंगलवार तक पंहुचने की संभावना है। उसके बाद पंचनामा सहित आगामी कार्रवाई संभव होगी। ईधर पुलिस के अनुसंधान अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान 31 वर्षीय दीपक पुत्र रामबहादुर निवासी बरडिया, दशरथ बर्सत नेपाल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक पिछले कई दिनों से स्कूल के हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए भोजन बनाने का काम करता था। सोमवार सुबह उसका शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम से मौत के कारणों का खुलासा होने की संभावना है।

## किसान साफ-सुथरी व सूखाकर मंडी में लाए सरसों : एसडीएम

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**



**कनीना।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार 15 मार्च से सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है लेकिन कनीना मंडी में सोमवार तक सरसों की आवक शुरू नहीं हुई है। कनीना सब डिवीजन में किसानों द्वारा हाल ही में सरसों की कटाई शुरू की गई है जिससे हफ्तेभर बाद मंडी में सरसों पंहुचने की उम्मीद है। हांलाकि खरीद के लिए उपमंडल प्रशासन व खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाफस एवं मार्केट कमेटी की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि कनीना मंडी में सरसों की खरीद के लिए मंडी में बिजली, पेयजल शौचलय व साफ-सफाई की उचित व्यवस्था की गई है। सरसों बेचते समय किसानों को किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। सरकार की ओर से सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5950 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। फसल बेचने के अधिकतम 72 घंटे के अंतराल में फसल की राशि किसानों के बैंक खाते में डाल दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर सरसों का पंजीकरण करवाया है। वे एक दिन में 25 किवंटल सरसों मंडी में बेच सकते हैं। किसान मंडी में आने से पूर्व फसल को अच्छी तरह से सुखाकर और साफ-सुथरी कर लाएं।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**समाचार गेट**
को TITLE CODE : HARHIN11569
**आवश्यकता है**
- हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
- उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
- ग्रामीण संवाददाता
- फोटोग्राफर
- विज्ञापन प्रतिनिधि

इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

# बजट में बल्लभगढ़ का नाम तक लेना भूले मुख्यमंत्री नायब सिंह : मनोज अग्रवाल

## आंकड़ों की बाज़ीगरी का नायाब नमूना है नायब सरकार का बजट : मनोज अग्रवाल

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल ने नायब सरकार के प्रथम बजट को जनविरोधी बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार लगातार राज्य को कर्जे में डूबो रही है। हरियाणा पर कर्जा इस सरकार में लगातार बढ़ता जा रहा है और जिस तरह का यह बजट है उससे प्रदेश सरकार पर कर्ज और अधिक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में किसी के लिए भी कुछ नहीं है। यानी एक तरह से इस बजट को शब्दों का मायाजाल ही बताया है, जोकि कर्ज बढ़ाने वाला है। मनोज अग्रवाल ने बल्लभगढ़ के स्थानीय भाजपा विधायक की कार्यशैली पर कटाक्ष करते हुए कहा की झूठ और जुमलों के भरोसे तीसरी बार विधानसभा पहुंचने वाले स्थानीय भाजपा विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री की निष्क्रियता के चलते ही नायब सरकार के प्रथम बजट से बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र का नाम तक गायब है। बल्लभगढ़ की विभिन्न मांगों को मुख्यमंत्री ने खारिज कर हमारे साथ पक्षपात किया है।



# सुरेन्द्र सिंह पिंटू को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन ने दी मुबारकबाद

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** सोमवार को हरियाणा प्रदेश में भाजपा ने जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है। सुरेन्द्र सिंह पिंटू उजीना को नूँह जिले की कमान सौंपी गई है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि सुरेन्द्र सिंह पिंटू के जिलाध्यक्ष बनने पर खुशी जताते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएँ दी हैं। ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि सुरेन्द्र सिंह पिंटू पार्टी के बहुत पुराने, ईमानदार, वफादार व मेहनती वरिष्ठ नेता हैं।उनके जिलाध्यक्ष बनने से नूँह जिले में भाजपा को और भी ज्यादा मजबूती मिलेगी। वह मनोहर लाल के मुख्यमंत्रित्व काल के पहले चरण में हरियाणा स्टाफ़ सेलेक्शन कमीशन के सदस्य भी रह चुके हैं।




प्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट
संपर्क करें: 9811153271







| कैटेगरी | दवाइंडिया की कीमतें | दवाई की मार्केट में औसतन कीमत | बचत (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| बीपी एवं हार्ट | ₹ 20 (10 Tab) | ₹ 67 (10 Tab) | 70% |
| एंटी-डायबिटीज | ₹ 30 (15 Tab) | ₹ 204 (15 Tab) | 85% |
| मल्टीविटामिन | ₹ 50 (15 Tab) | ₹ 110 (15 Tab) | 54% |
| नेफ्रो | ₹ 33 (10 Tab) | ₹ 347 (10 Tab) | 90% |
| डर्मा | ₹ 45 (04 Tab) | ₹ 99 (04 Tab) | 54% |
| पेन रिलीफ मेडिसिन | ₹ 35 (10 Tab) | ₹ 130 (10 Tab) | 73% |
| एंटी-कोल्ड / एलर्जी | ₹ 27 (10 Tab) | ₹ 226 (10 Tab) | 88% |
| एंटासिड | ₹ 25 (10 Tab) | ₹ 140 (10 Tab) | 82% |


# भूमि अधिग्रहण मुआवजे की मांग को लेकर आईएमटी रोजकामेव में धरने पर बैठे 9 गांवों के किसानों ने महापंचायत का आयोजन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह जिले में पिछले एक साल से भूमि अधिग्रहण मुआवजे की मांग को लेकर आईएमटी रोजकामेव में धरने पर बैठे 9 गांवों के किसानों ने सोमवार को महापंचायत का आयोजन किया गया। इस पंचायत में भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष रवि आजाद सहित कई किसान संगठनों ने भाग लिया। महापंचायत में किसानों ने जिला प्रशासन और एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों से बातचीत हुई। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने किसानों की मुख्यमंत्री के साथ बैठक कराने का आश्ववन दिया। किसान नेता रवि आजाद ने कहा कि करीब 13 महीने से धीरधुका गांव में भूमि मुआवजे को लेकर धरना चल रहा है। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने अनेकों आश्वासन दिए। जिसमें यह भी कहा गया कि वह मुख्यमंत्री से उनकी बैठक कराएंगे और समस्या का समाधान हो जाएगा। लेकिन उनकी कोई बैठक नहीं कराई गई है। पिछले 11 मार्च को आईएमटी रोजकामेव में काम रुकवाने के मामले में पुलिस ने 107 किसानों को हिरासत में लिया था। जिसमें 54 महिलाएं शामिल थी। उसी को लेकर सोमवार को एक बड़ी महापंचायत आयोजित की गई है। जिसमें प्रदेश के कई जिलों में किसान संगठनों ने भाग लिया है। इस दौरान प्रशासन के बीच उनकी बात हुई कि वह ईद के बाद मुख्यमंत्री से उनकी मुलाकात करा देंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने जिला प्रशासन को 6 अप्रैल तक का समय दिया है। अगर उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री से नहीं हुई तो वह 7 अप्रैल को काम रोको महापंचायत करेंगे। जिसमें न केवल प्रदेश बल्कि देश के भी किसान संगठन भाग लेगे। यह महापंचायत किसान नेता राकेश टिकैत के नेतृत्व में होगी। उन्होंने कहा कि रमजान के पवित्र महीने में प्रशासन द्वारा किसानों को हिरासत में लेने का काम किया गया था। अगर प्रशासन ने किसानों के साथ इस तरह का व्यवहार किया तो आज देश का आंदोलन बन जाएगा। रवि आजाद ने नूंह से कांग्रेस विधायक आफताब अहमद पर तंज करते हुए कहा कि यह बीज आफताब अहमद का बोया हुआ है। अब वह विधानसभा में किसानों की आवाज उठाकर यह साबित करना चाहते है कि वह किसानों के साथ है ,लेकिन किसान उनकी राजनीति जान चुके है।



**25 फरवरी 2024 से धरने पर बैठे हुए है किसान**

आईएमटी रोजकामेव में भूमि अधिग्रहण मुआवजे को लेकर 25 फरवरी 2024 से किसान अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं। कई बार एचएसआईआईडीसी के कर्मचारी आईएमटी में काम करने के लिए पहुंचे, लेकिन किसानों ने 1 साल से कोई काम नहीं होने दिया। इस दौरान प्रशासन के साथ किसानों की कुछ बातें भी हुई, लेकिन उन बातों से कोई समाधान नहीं निकला। बीते 11 मार्च को जब एचएसआईआईडीसी के कर्मचारी आईएमटी में काम करने के लिए पहुंचे तो किसानों ने जेसीबी मशीनों पर चढ़कर कार्य को रुकवाने लगे ,लेकिन मौके पर तैनात भारी पुलिस बल ने किसानों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें 54 महिलाएं और 53 पुरुष किसान शामिल थे।

**2010 में हुई थी किसानों की भूमि अधिग्रहण**

आईएमटी रोजकामेव के लिए 9 गांवों के किसानों की वर्ष 2010 में 1600 एकड़ जमीन अधिग्रहण की गई थी। उस दौरान किसानों की जमीन को सरकार द्वारा 25 लाख रुपए का मुआवजा देकर प्रति एकड़ अधिग्रहण किया गया था,लेकिन इसके बाद सरकार ने फरीदाबाद के चंदावली, मच्छगर गांवों की जमीन को भी अधिग्रहण किया। वहां के किसानों ने कोर्ट में याचिका दायर कर अपनी जमीन को सस्ते दामों में सरकार पर लेने का आरोप लगाकर मुआवजा बढ़ाने की मांग की थी, जिस पर कोर्ट ने किसानों को प्रति एकड़ दो करोड़ की राशि देने के आदेश दिए थे।

इस दौरान जब 9 गांवों के किसानों को पता चला कि उक्त गांवों के किसानों को दो करोड़ प्रति एकड़ मिले हैं तो उन्होंने भी लंबी लड़ाई लड़कर सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। जिस पर सरकार ने किसानों से बातचीत करते हुए उनकी जमीन को 46 लाख रुपए प्रति एकड़ देने की बात कही और उनसे एफिडेविट पर साइन करा लिए, ताकि किसान कोर्ट में ना जा सके और सभी किसानों को 21- 21 लाख रुपए देकर कहा कि आगे आपको 25-25 लाख रुपए ओर दे दिए जाएंगे, लेकिन आज तक भी किसानों को 25-25 लाख रुपए नहीं दिए गए हैं। इसी के चलते किसान धीरदूका गांव में 29 फरवरी 2024 से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं।

# पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की बैठक हुई



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** सोमवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजि. नं. 41 संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ नूंह के कर्मचारी की जिला प्रधान खुर्शीद अहमद की अध्यक्षता में जिले की चारों ब्रांच के कर्मचारियों ने सभा का आयोजन किया गया जिसमें जिला प्रधान ने बताया कि 17 मार्च से 3 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में प्रदर्शनों का आयोजन किया जायेगा और सरकार को 24 सूत्रीय मांग पत्र आधिक्षक अम्भयता की मार्फत सोफ़ा जाएगा ।

जिला प्रधान ने आगे बताया कि सरकार ने वाटर सप्लाई पंचायत के अधीन करने का निर्णय है उसका पूर्णजोर विरोध किया जाएगा और कौशल पर लगे कर्मचारियो को जनसरक्षा जल्द से जल्द कराने के आदेश सरकार पारित कर। उन्होंने आगे बताया कि इस संदर्भ में 23 मार्च को जन स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा सरकार के निवास जिला हिसार मे जोरदार धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें सभी पदाधिकारी कर्मचारी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। पहले से चल रहे कार्यक्रमों को जारी रखते हुए 3 अप्रैल को तीनों अधीक्षक अभियंता कार्यालय पलवल में संबंधित पत्र सोपा जाएगा।

मीटिंग में जिले की चारों ब्रांच जन स्वास्थ्य विभाग व वी एंड आर की चारों ब्रांच के निम्नलिखित पदाधिकारी ने हिस्सा लिया जिसमें मुख्य रूप से अभियंता जिला प्रधान पलवल साहिल खान व तावडू से प्रधान नसरुद्दीन सचिव कैशियर नूंह ब्रांच से जाकिर हुसैन प्रधान व कैशियर कासिम खान व जाकिर हुसैन चेदेनी वाहिद कार्यालय सचिव फिरोजपुर झिरका से जाकिर हुसैन प्रधान व सचिव कैशियर पुनहाना से लियाकत अली प्रधान सचिव कैशियर व ब्रांच नूंह से प्रधान सुल्तान सचिन कैशियर शकील रहे वह जिला नूंह के पदाधिकारी सचिव जयपाल फौजी व कार्यालय सचिव अकबर हुसैन व उप प्रधान वाहिद शामिल रहे।

# प्रदेश का बजट निराशाजनक व दिशाहीन है : आफताब अहमद

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** प्रदेश का बजट निराशाजनक व दिशाहीन है, प्रदेशवासियों को सौगात के बजाय कर्ज का बोझ मिला है। 2 लाख करोड रुपए का बजट है और 5 लाख करोड का प्रदेश पर कर्ज ।बजट में किसान की आय दोगुना करने पर कोई गंभीर रोडमैप नहीं है।

शिक्षा व स्वास्थ्य पर सरकार का संज्ञान खास नहीं दिखाई देता, रिकॉर्ड स्तर बेरोज़गारी और मंहगाई का हल खोजने की कोशिश तक बजट में दिखाई नहीं दी। बुनियादी ढांचे के विकास का विजन भी नजर नहीं आता है।

डबल या ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार अपने चुनावी वायदों को बजट में नजरंदाज कर जुमला साबित कर गई है। कुल बजट के सिर्फ 8% पूंजीगत व्यय से राज्य का विकास मुमकिन नहीं है।

कई महत्वपूर्ण विभागों जैसे पी डब्ल्यू डी, बी एंड आर, जन स्वास्थ्य, बिजली आदि के बजट में कोई बढोतरी नहीं हुई है।

स्पष्ट रूप से हरियाणा की भाजपा सरकार प्रदेश के पौने तीन करोड लोगों की अपेक्षाओं, आकांक्षाओं पर खरा उतरने में विफल साबित हुई है।








# पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर नमक नूह में हेल्थ कैंप लगाया गया

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर नमक नूह में हेल्थ कैंप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां जैसे फर्स्ट एड, पौष्टिक आहार लेने, सड़क सुरक्षा और ग्रुप एक्टिविटी का अलग अलग दिन आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया द्य इस जागरूकता सेमिनार की अध्यक्षता प्रिंसिपल शमीम अहमद ने की। पीएम श्री विद्यालय फिरोजपुर नमक में डॉक्टर्स के अलावा नर्स एवं अन्य स्वास्थ्य विशेषज्ञ एवं रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्यो ने अपनी सेवाएं दी। जागरूकता सेमिनार में जिला रैड क्रॉस सोसाइटी के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने सेमिनार में मुख्यत: पौष्टिक आहार लेने, सड़क सुरक्षा नियमों की पालना जैसे नाबालिग से वाहन ना चलवाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने, आपातकाल वाहन को तुरंत रास्ता देने, आपातकाल नम्बरों के बारे जागरूक किया। उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय चालक के साथ बैठी सवारी को भी हेलमेट, सीट बेल्ट का इस्तेमाल करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी दुर्घटना के दौरान घायल को मौके पर एंबुलेंस पहुंचने या अस्पताल पहुंचने तक उपयुक्त प्राथमिक सहायता, हार्ट अटैक, सिक्का निगलना, आगजनी के दौरान धुआं होने, बिजली का करंट लगने, पानी में डूबने, शरीर से बहुत खून बहने की स्थिति में पीड़ित को ट्रांसपोर्ट करने, हार्ट के कार्य न करने तथा सांस न आने की अवस्था में जीवनदायिनी विधि सीपीआर का प्रयोगात्मक तरीका समझाया।